Code No. **59/1/1**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

POLITICAL SCIENCE
राजनीति विज्ञान

Time allowed : 3 hours ***Maximum Marks : 100***
निर्धारित समय : 3 घण्टे ***अधिकतम अंक : 100***

General Instructions :

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iii) *Question numbers **1** to **10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **50** words each.*

(iv) *Question numbers **11** to **20** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

(v) *Question numbers **21** to **25** are of **eight** marks each. The answer to these questions should not exceed **200** words each.*

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये हैं।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **10** का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(iv) *प्रश्न संख्या **11** से **20** का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **21** से **25** का प्रत्येक प्रश्न **आठ** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

1. What do you mean by 'Equality' ? **2**

'समानता' से क्या तात्पर्य है ?

2. What do you understand by the changing nature of State activities ? **2**

राज्य की बदलती हुई गतिविधियों से आप क्या समझते हो ?

3. How far is it correct to say that rights do not imply 'absence of restraints' but 'due restraints' ? **2**

यह कहना कहाँ तक उपयुक्त है कि अधिकारों का अर्थ 'नियन्त्रण का अभाव' नहीं, अपितु 'उचित नियन्त्रण' का होना है ?

4. Is political socialisation a static or a continuous process ? **2**

क्या राजनीतिक सामाजीकरण एक स्थायी अथवा लगातार चलने वाली प्रक्रिया है ?

5. Differentiate between Socialism and Communism. **2**

समाजवाद व साम्यवाद में अन्तर कीजिए।

6. Mention any two electoral devices to ensure adequate representation to minorities in India. **2**

भारत में अल्पसंख्यक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए किन्हीं दो चुनावी उपायों का उल्लेख कीजिए।

7. What do you mean by delimitation of constituencies ? **2**

निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा निर्धारण से आप क्या समझते हैं ?

8. On which basis a party in India is recognised as a State party ? **2**

भारत में किस आधार पर एक राजनीतिक दल को राज्य दल माना जाता है ?

9. Mention any two differences between political parties and pressure groups. **2**

राजनीतिक दलों व दबाव समूहों में कोई दो अन्तर बताइए।

10. "Non-alignment does not mean either equi-distance or neutrality." Comment. **2**

''गुटनिरपेक्षता का अर्थ न तो बराबर दूरी और न ही तटस्थता है।'' टिप्पणी कीजिए।

11. What is implied by Social Justice ? How can we provide Social Justice to citizens in India ? **2 + 2**

सामाजिक न्याय से क्या अभिप्राय है ? भारत में नागरिकों को सामाजिक न्याय किस प्रकार दिलवाया जा सकता है ?

12. What are the main characteristics of a welfare state ? How far is it correct to call India a welfare state ? **4**

एक कल्याणकारी राज्य में किन-किन विशेषताओं का होना जरूरी है ? भारत को एक कल्याणकारी राज्य कहना कहाँ तक उपयुक्त है ?

13. What is the relevance of Gandhism today ? **4**

आज के युग में गांधीवाद की क्या प्रासंगिकता है ?

14. What is the significance of behavioural approach to the study of Comparative Politics ? **4**

तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन में व्यवहारवादी प्रणाली का क्या महत्त्व है ?

15. Is political development a cause or consequence of economic development ? Give arguments in support of your answer. **4**

क्या राजनीतिक विकास को आर्थिक विकास का कारण माना जाए अथवा परिणाम ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

16. Describe any two major functions of the Election Commission of India. **2 + 2**

भारत के चुनाव आयोग के किन्हीं दो मुख्य कार्यों का वर्णन कीजिए।

17. What are the causes for the rise of political violence in India ? How can we curb it ? **2 + 2**

भारत में बढ़ती हुई राजनीतिक हिंसा के क्या कारण हैं ? इस पर कैसे काबू पाया जा सकता है ?

18. Describe the main objectives of the National Policy of Empowerment of Women 2001. **4**

महिलाओं के सशक्तिकरण की राष्ट्रीय नीति 2001 के मुख्य उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

19. What is the role of Planning Commission in India's socio-economic development ? **4**

भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में योजना आयोग की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

20. Write a brief note on India's changing relations with Pakistan. **4**

पाकिस्तान के साथ भारत के बदलते सम्बन्धों पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।

21. What is the fundamental difference between the concepts of *Dharma* and *Religion* ? What is the role of *Dharma* in personal, social and political life ? **8**

OR

Discuss the relationship between law and liberty. **8**

'धर्म' तथा 'रिलीज़न' की अवधारणाओं में आधारभूत अन्तर बताइए। निजी, सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन में धर्म की क्या भूमिका है ?

अथवा

कानून व स्वतन्त्रता में परस्पर सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।

22. "To be human is not to be divine." In the light of this statement explain the concept of humanism. **8**

OR

What is Fascism ? Analyse causes for the rise and fall of Fascism. **2 + 6**

''मानव होने का अर्थ दैविक होना नहीं है।'' इस कथन के संदर्भ में मानवतावादी अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

फासिस्टवाद क्या है ? फासिस्टवाद के उदय व पतन के कारणों की व्याख्या कीजिए।

23. Write a short essay on the emerging trends in the party system in India. **8**

OR

What is the role of pressure groups in a democracy ? How do they work to achieve their goals ? **4 + 4**

भारत में दल व्यवस्था की उभरती हुई प्रवृत्तियों पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

अथवा

प्रजातंत्र में दबाव समूहों की क्या भूमिका है ? अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वह किस प्रकार कार्य करते हैं ?

24. "Communalism is a bane for democracy in India" How can we curb it ? **4 + 4**

OR

What factors are responsible for illiteracy in India ? What steps are being taken by the Government of India to achieve the target of free and compulsory education for all children upto the age of 14 ? **4 + 4**

''भारतीय लोकतन्त्र के लिए सम्प्रदायवाद एक अभिशाप है।'' इस पर कैसे काबू पाया जा सकता है ?

अथवा

भारत में निरक्षरता के क्या कारण हैं ? भारत सरकार द्वारा 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा की दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं ?

25. What reforms have been suggested to make the U.N. Security Council more effective ? **8**

OR

What do you mean by globalisation ? How has India responded to the challenges of globalisation ? **4 + 4**

संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए कौन से सुधार सुझाए गए हैं?

अथवा

विश्वीकरण से आप क्या समझते हो? विश्वीकरण की चुनौतियों का भारत ने किस प्रकार सामना किया है?